# खलनायकी के बेताज बादशाह थे अमजद खान

**बॉलीवुड** में अमजद खान का नाम ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने खलनायकी के क्षेत्र में अपने अभिनय का लोहा मनवाया.

12 नवंबर 1940 को जन्में अमजद खान को अभिनय की कला विरासत में मिली. उनके पिता जयंत फिल्म इंडस्ट्री में खलनायक की भूमिका निभा चुके थे. अमजद खान ने बतौर कलाकार अपने अभिनय जीवन की शुरूआत वर्ष 1957 में प्रदर्शित फिल्म ..अब दिल्ली दूर नही ..से की . इस फिल्म में अमजद खान ने बाल कलाकार की भूमिका निभायी. वर्ष 1965 में अपनी होम प्रोडक्शन मे बनने वाली फिल्म ..पत्थर के सनम ..के जरिये अमजद खान बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरूआत करने वाले थे लेकिन किसी कारण से फिल्म का निर्माण नही हो सका . सत्तर के दशक मे अमजद खान ने मुंबई से अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता काम करने के लिये फिल्म इंडस्ट्री का रूख किया .

वर्ष 1973 में बतौर अभिनेता उन्होंने फिल्म ..हिंदुस्तान की कसम ..से अपने करियर की शुरूआत की लेकिन इस फिल्म से दर्शको के बीच वह अपनी पहचान नहीं बना सके. इसी दौरान अमजद खान को थियेटर में अभिनय करते देखकर पटकथा लेखक सलीम खान ने अमजद खान से शोले में गब्बर सिंह के किरदार को निभाने की पेशकश की जिसे अमजद खान ने स्वीकार कर लिया.



फिल्म ..शोले.. के किरदार गब्बर सिंह ने अमजद खान को फिल्म इंडस्ट्री में सशक्त पहचान दिलायी लेकिन फिल्म के निर्माण के समय गब्बर सिंह की भूमिका के लिये पहले डैनी का नाम प्रस्तावित था.फिल्म ..शोले ..के निर्माण के समय गब्बर सिंह वाली भूमिका डैनी को दी गयी थी लेकिन उन्होंने उस समय धर्मात्मा में काम करने की वजह से शोले में काम करने से लिये इंकार कर दिया. शोले के कहानीकार सलीम खान की सिफारिश पर रमेश सिप्पी ने अमजद खान को गब्बर सिंह का किरदार निभाने का अवसर दिया. जब सलीम खान ने अमजद खान से फिल्म ..शोले ..में गब्बर सिंह का किरदार निभाने को कहा तो पहले तो अमजद खान घबरा से गये लेकिन बाद में उन्होंने इसे एक चैलेंज के रूप में लिया और चंबल के डाकुओं पर बनी किताब .अभिशप्त चंबल.. का बारीकी से अध्ययन करना शुरू किया. बाद में जब फिल्म ..शोले ..प्रदर्शित हुयी तो अमजद खान का निभाया किरदार ..गब्बर सिंह ..दर्शको में इस कदर लोकप्रिय हुआ कि लोग गाहे बगाहे उनकी आवाज और चाल ढ़ाल की नकल करने लगे .

# मस्ती 4 का धमाकेदार गाना 'रसिया बलमा'

**वेवबैंड** प्रोडक्शन ने मस्ती 4 का धमाकेदार गाना 'रसिया बलमा' रिलीज कर दिया है. मस्ती 4 को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. विशेष रूप से ट्रेलर और इसके हिट गीत पकड़ पकड़ के बाद अब मेकर्स ने एक और धमाकेदार गाना रसिया बलमा रिलीज किया है, जो फिल्म के रंगीन और मस्तीभरे मूड को पूरी तरह दर्शाता है.



यूके की खूबसूरत लोकेशंस पर बड़े पैमाने पर शूट किया गया यह गाना खास इसलिए भी है, क्योंकि इसमें ओरिजिनल मस्ती बॉयज़, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी, अपने मजेदार बहुरूपिये अवतार में नज़र आ रहे हैं. फिलहाल इसमें इनके साथ तुषार कपूर, रुही सिंह, श्रेया शर्मा, एलनाज़ नोरौज़ी, शाद रंधावा और निशांत मलकानी भी हैं, जो इसे विज़ुअली और भी ग्रैंड बनाते हैं.

दर्शन राठौड़ और पायल देव के स्वरों से सजे इस गीत को सुरों से संजय-दर्शन की जोड़ी ने सजाया है और गीत के बोल संजीव चौतुर्वेदी ने लिखे हैं . गाने के बारे में बात करते हुए गायक दर्शन राठौड़ ने कहा, 'रसिया बलमा' ऐसा ट्रैक है, जो सुनते ही आपको डांस फ्लोर पर खड़ा कर देता है! हमने इसमें पुराने ज़माने की मस्ती और देसी वाइब को मॉडर्न बीट्स के साथ मिलाने की कोशिश की है, और इसे बनाते वक्त खूब मज़ा आया.

# यामी गौतम की 'हक' की कमाई में भारी गिरावट

**यामी** गौतम और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'हक' की शुरुआत भले ही उम्मीदों से भरी रही हो, लेकिन अब इसकी कमाई दिन-ब-दिन गिरती जा रही है. सुपर्ण एस. वर्मा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 7 नवंबर को रिलीज हुई थी. फिल्म के कंटेंट और परफॉर्मेंस की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है, मगर टिकट खिड़की पर इसका जादू फीका पड़ गया है.

ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार, 'हक' ने पहले दिन 1.75 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी. दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म की कमाई में 91.43 फीसदी की ग्रोथ देखने को मिली और इसने 3.35 करोड़ कमाए. तीसरे दिन रविवार को भी फिल्म ने कुछ तेजी दिखाई और 3.85 करोड़ रुपये जुटाए. हालांकि, सोमवार को फिल्म की कमाई में 72.73 फीसदी की भारी गिरावट आई और यह सिर्फ 1.05 करोड़ रुपये तक सिमट गई.हालांकि फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ का फायदा जरूर मिला, लेकिन इसकी गंभीर कहानी और धीमी रफ्तार बड़े पैमाने पर दर्शकों को आकर्षित नहीं कर पाई. बड़े शहरों में फिल्म की ऑडियंस सीमित रह गई, जबकि सिंगल स्क्रीन पर इसकी स्थिति और कमजोर है.अब 'हक' के सामने एक और बड़ी चुनौती है अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2', जो 14 नवंबर को रिलीज होने जा रही है. इस मल्टीस्टारर फिल्म के आते ही 'हक' के लिए सिनेमाघरों में अपनी जगह बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा. अब देखना होगा कि क्या यामी गौतम और इमरान हाशमी की ये फिल्म आने वाले दिनों में अपनी गिरती रफ्तार को संभाल पाएगी या बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप की लिस्ट में शामिल हो जाएगी.



## बाल कलाकारों ने अपने विचार किए साझा

चिल्ड्रन्स डे पर हम उन छोटे-छोटे स्टार्स की बात कर रहे हैं जो अपनी मस्ती और मासूमियत से टीवी स्क्रीन पर चार चाँद लगा देते हैं! इनमें एण्डटीवी के आर्यन प्रजापति और ज़ारा वारसी भी शामिल हैं, जो हप्पू की उलटन पलटन में हमेशा हँसी और मस्ती का तड़का लगाते हैं. दोनों अपनी क्यूट शरारत और बढ़िया कॉमिक टाइमिंग से पिछले पाँच सालों से सबका दिल जीत रहे हैं. आर्यन प्रजापति, जो ऋतिक का किरदार बहुत ही जोश और ऊर्जा के साथ निभाते हैं, ने कहा, हप्पू की उलटन पलटन में ऋतिक का रोल निभाना मेरे सफर का सबसे मजेदार और रिवार्डिंग हिस्सा रहा है! ऋतिक शरारती, मज़ेदार और दिल से बड़ा है और मुझे यही पसंद है कि वह हर एपिसोड में इतनी एनर्जी और हँसी लेकर आता है.

## तू जुलियट जट्ट दी एक नई पीढ़ी की कहानी




सरगुन मेहता और रवि दुबे (ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट) द्वारा निर्मित, तू जुलियट जट्ट दी पंजाब के दिल में रची-बसी एक कहानी है, जो 17 नवंबर से शाम 7 बजे से कलर्स और जियोहॉटस्टार पर प्रसारित होगी!इज़हार से प्रेम कहानियाँ शुरू होती हैं. लेकिन कलर्स का नया शो तू जुलियट जट्ट दी इस कहानी को पूरी तरह उलट देता है. यहाँ पहले शादी होती है... फिर कॉलेज शुरू होता है... और उसके बाद प्यार होता है! यह नई पीढ़ी की कैंपस रोमांस कहानी है, जहाँ दो बिलकुल अलग लोग सबसे अप्रत्याशित तरीके से टकराते हैं. चंडीगढ़ प्राइम यूनिवर्सिटी की रौनक भरी पृष्ठभूमि में सेट, यह कहानी केमिस्ट्री, कंफ्यूज़न और चार्म से भरी है जो नेवर को फॉरवर में बदल देती है. मिलिए नवाब (सैयद रज़ा) से - एक अमीर, बेफिक्र जट्ट जो अपनी शर्तों पर जीता है निडर, स्पॉन्टेनियस और कमिटमेंट से कोसों दूर. हीर (जसमीत कौर) उससे बिल्कुल उलट है महत्वाकांक्षी, अनुशासित, व्यावहारिक और अपनी माँ के लिए बेहतर भविष्य बनाने को दृढ़ संकल्पित.

## सोहा ने स्वस्थ रहने के लिए दिए सुझाव



वर्ल्ड डायबिटीज डे हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डायबिटीज के बारे में जागरूकता बढ़ानाऔर सभी के लिए उपचार को सुलभ बनाना है. इस साल की थीम डायबिटीज इन द वर्कप्लेस है, जो कामकाजी लोगों के लिए मधुमेह को समझने और उसे सही तरीके से संभालने के महत्व पर ज़ोर देती है आज की भागदौड़ भरी ज़िंदगी में लोग अक्सर ऐसे खाद्य पदार्थ खाते हैं जो यादा प्रसंस्कृत होते हैं और जिनमें चीनी व रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है. यही आदतें मधुमेह जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रही हैं. भारत, जिसेडायबिटीज की राजधानी कहा जाता है, अब इस समस्या से गंभीर रूप से जूझ रहा है. बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने कहा, एक स्वस्थ शरीर और मन की शुरुआत एक स्वस्थ आहार से होती है. मैं अपने खाने को लेकर बहुत सजग हूँ और सुनिश्चित करती हूँ कि अपने भोजन में कैलिफ़ोर्निया बादाम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करूँ.

# शादी की होनी चाहिए एक्सपायरी डेट : काजोल



**शो** टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल के लेटेस्ट एपिसोड में इस बार विक्की कौशल और कृति सैनन मेहमान बनकर पहुंचे. शो की शुरुआत हल्के-फुल्के मज़ाक और गेम्स से हुई, लेकिन बातचीत के दौरान माहौल तब और दिलचस्प बन गया जब काजोल ने शादी को लेकर अपनी राय रखी. एक मजेदार सेगमेंट 'दिस और दैट में ट्विंकल ने पूछा कि क्या शादी में एक्सपायरी डेट और रिन्यूअल ऑप्शन होना चाहिए? इस पर विक्की, कृति और ट्विंकल ने ना कहा, जबकि काजोल ने हां में सिर हिलाते हुए ग्रीन ज़ोन का रुख किया.

ट्विंकल ने ठहाका लगाते हुए कहा, नहीं, ये शादी है, वॉशिंग मशीन नहीं, लेकिन काजोल कहां रुकने वाली थीं. अपनी सिग्नेचर मुस्कान के साथ उन्होंने तुरंत जवाब दिया, देखो, कौन गारंटी देता है कि हर कोई सही वक्त पर सही इंसान से ही शादी करता है? इसलिए तो रिन्यूअल ऑप्शन होना चाहिए. अगर एक्सपायरी डेट होगी, तो कम से कम हम ज़्यादा देर तक झेलेंगे तो नहीं. उनके इस जवाब पर स्टूडियो में ठहाके गूंज उठे. तभी कृति सैनन ने मजाकिया अंदाज़ में तंज कसा, अगर काजोल इस बात से खुश हैं, तो घर पर तो चांदी ही चांदी है. इस पर खुद काजोल भी अपनी हंसी नहीं रोक पाईं, और ट्विंकल ने कहा, अब ये एपिसोड देखने के बाद अजय को भी शायद रिन्यूअल फॉर्म भरना पड़े... जिससे सेट पर सभी हंसी से लोटपोट हो गए.

# आरती सिंह ने सुनीता आहूजा के बारे में की बात

**बॉलीवुड** और टीवी इंडस्ट्री में एक वक्त पर गोविंदा और उनके भांजे कृष्णा अभिषेक के बीच की अनबन काफी सुर्खियों में रही थी. हालांकि अब दोनों परिवारों के रिश्तों में धीरे-धीरे मिठास लौटती दिख रही है. हाल ही में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने एक इंटरव्यू में कहा कि अब सबकुछ ठीक है और उन्होंने पुरानी बातें भूल गई हैं. इस बयान पर अब आरती सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी है.

आरती सिंह ने कहा कि हां, मैंने मामी का वो इंटरव्यू देखा. मैं बहुत खुश थी. हम हमेशा से उनके बचे थे और मुझे भी कहीं न कहीं पता था कि वो हमसे प्यार करती हैं. इन सालों में जो भी हुआ, आपने मेरी तरफ से कभी कुछ नहीं सुना होगा. मामी ने जो कृष्णा के बारे में कहा, उसे सुनकर मैं बहुत खुश हूं. मैं ये सुनना चाहती थी. मैं खुश हूं कि अब वो भाई से नाराज नहीं हैं.



आरती के इस बयान से साफ है कि परिवार के बीच रिश्ते फिर से पटरी पर लौट रहे हैं. गोविंदा और कृष्णा अभिषेक के बीच मनमुटाव की शुरुआत तब हुई थी जब बताया गया कि कृष्णा ने एक कॉमेडी शो में अपने मामा गोविंदा को लेकर कमेंट किया था.

# अस्पताल से डिस्चार्ज हुए धर्मेंद्र

**बॉलीवुड** के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है. लंबे समय से बीमार चल रहे धर्मेंद्र को आखिरकार अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है. हाल ही में उनकी सेहत को लेकर कई तरह की अफवाहें फैल रही थीं, लेकिन अब खुद डॉक्टरों और परिवार ने साफ किया है कि धर्मेंद्र की तबीयत में सुधार हो रहा है और अब वे घर पर इलाज जारी रखेंगे.बुधवार सुबह धर्मेंद्र को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई. उनके छोटे बेटे और अभिनेता बॉबी देओल उन्हें एंबुलेंस के जरिए घर लेकर पहुंचे. इस दौरान मीडिया और फैंस की भीड़ अस्पताल के बाहर देखी गई. एंबुलेंस से धर्मेंद्र को घर पहुंचाने की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई है. फैंस इस वीडियो को देखकर खुश हैं और उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं.ब्रीच कैंडी अस्पताल के डॉक्टर प्रतीत समदानी ने एक मीडिया चैनल से बातचीत में बताया कि धर्मेंद्र जी का इलाज लंबे समय से मेरे पास चल रहा है. अब उनकी हालत स्थिर है.




## रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालयः यूनिट संख्या 1117 और 1118, 11वीं मंजिल, वर्ल्ड ट्रेड टावर, सेक्टर 16, नोएडा, उत्तर प्रदेश 201301।

### मांग सूचना

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत उधारकर्ता को सूचना।**

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (आरएचएफपीएल) से ऋण लेने वाले निम्नलिखित उधारकर्ता आरएचएफपीएल को अपने ऋण की समान मासिक किश्तों (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहे हैं और उनके ऋण खाते को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उधारकर्ता(कों) ने आरएचएफपीएल को अचल संपत्ति/संपत्तियों की सुरक्षा प्रदान की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। ऋण का विवरण और उधारकर्ता/कों द्वारा आरएचएफपीएल को आज तक बकाया और देय राशि भी नीचे दी गई है। उधारकर्ता(कों) के साथ-साथ आम जनता को भी सूचित किया जाता है कि आरएचएफपीएल के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI अधिनियम) के प्रावधानों के तहत निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यदि निम्नलिखित उधारकर्ता(कों) इस सूचना के 60 (साठ) दिनों के भीतर अपने नामों के सामने इंगित बकाया राशि चुकाने में विफल रहते हैं, तो अधोहस्ताक्षरी SARFAESI अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत सुरक्षित लेनदार को प्रदत्त किसी एक या अधिक शक्तियों का प्रयोग करेंगे आम जनता को सलाह दी जाती है कि वे नीचे वर्णित संपत्ति/संपत्तियों से लेन-देन न करें।

| स. क्र. | उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/ऋण खाता संख्या/शाखा का नाम | मांग सूचना की तिथि और राशि | सुरक्षित संपत्ति(यों) (अचल संपत्ति/संपत्तियों) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | LAN: LASEHRLPRS000005010247 / शाखाः सीहोर 1. आकाश विश्वकर्मा, 2. लक्ष्मी बाई वो अम्बाराम दोनों Add1: (खारा कुया वार्ड 1 सुजातपुर (चोंटिया खेड़ी), शाजापुर म.प्र., म.प्र.-465333, भारत) जोड़ें 2 :(मकान नंबर 303, एडीएम क्षेत्र 1375 वर्ग फीट, वार्ड नंबर 01 पांजी नंबर 175 खारा कुनवा शुजालपुर सिटी नगर पालिका परिषद शुजालपुर तहसील। शुजालपुर जिला. शाजापुर (म.प्र.), मध्य प्रदेश-465333 भारत) क्रमांक 1 भी - (दिशा एल्युमिनियम वर्कशॉप, शुजालपुर, मध्य प्रदेश - 465333, भारत) | 14.10.2025 और रू. 923655/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सब हिस्सा और पार्सल असर संपत्ति का पताः (मकान क्रमांक 303, एडीएम क्षेत्र 1375 वर्ग फीट, वार्ड नं. 01 पंजी नं.175 खरा कुनवा शुजालपुर सिटी नगर पालिका परिषद् शुजालपुर तहसील। शुजालपुर जिला. शाजापुर (मप्र), मध्य प्रदेश-465333 भारत) |
| 2 | LAN:HLSONKSCON000005016081 / शाखाः सोनकैच 1. भीलू सिंह गुर्जर, 2. प्रभु सिंह गुर्जर, 3. राधा बाई वो भीलू सिंह, 4. रेशम बाई वो प्रभु लाल दोनों Add1: (मकान एन 14 पोस्ट सादीखेड़ा तेह तोकखुर्द, ग्राम पिपलियाखुर्द वीटीसी पिपलियाकुमार पोस्ट, देवास, म.प्र.- 455115, भारत Add2: (पी.एच.नं. 64 भूमि सर्वेक्षण सं. 66/2, क्षेत्र एडीएम. 1435 वर्गफुट, (मकान नं.14) ग्राम। पिपलिया कुमार थीसिल टोंकखुर्द, देवास, म.प्र.-455118 भारत) | 14.10.2025 और रू. 812802/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिस पर संपत्ति का पता हैः (पी.एच. नं. 64 भूमि सर्वेक्षण संख्या 66/2, क्षेत्र प्रशासन 1435 वर्ग फुट, (मकान संख्या 14) ग्राम पिपलिया कुमारटेसिल, टोंकखुर्द, देवास, मध्य प्रदेश-455118 भारत) |
| 3 | LAN: LAUJNCLARD000005013004 / शाखाः उज्जैन सेवा 1. कुलदीप सिंह डोडिया, 2. फते सिंह राजपूत, 3. हेमलता कुँवर, 4. जालमसिंह सो फतेसिंह दोनों Add1: (ग्राम खरवा कला तहसील ताल जिला रतलाम, रतलाम, म.प्र.-457114, भारत Add2: (प्लॉट संख्या 239/1 पीएच नं.36, कुल क्षेत्रफल 1008 वर्ग फुट, ग्राम खरवा कलां तहसील ताल जिला, रतलाम, मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश-457114 भारत) | 14.10.2025 और रू. 721772/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिसका पता हैः (प्लॉट संख्या 239/1 पीएच नं. 36, कुल क्षेत्रफल 1008 वर्ग फुट, ग्राम खारवा कलां तहसील ताल जिला रतलाम मध्य प्रदेश रतलाम मध्य प्रदेश प्रदेश-457114 भारत)। |
| 4 | LAN: HLINDRSCRE000005015522 / शाखाः इंदौर क्लस्टर 1. मुकेश भालसे, 2.चंदाबाईभावसे दोनों Add1: (122, ग्राम भवन नगर, पालदा, इंदौर, मध्य प्रदेश-452020, भारत) Add2: (प्लॉट संख्या 122, भूमि माप क्षेत्र 13*60 कुल क्षेत्रफल 780 वर्ग फीट, भवना) नगर वार्ड नं. 77 जोन नं. 13 जिला- इंदौर इंदौर मध्य प्रदेश- 452020 भारत) क्रमांक 1 भी - (तेजाजी नगर बायपास पेट्रोल पंप, के पास इंदौर, इंदौर, मध्य प्रदेश- 452020, भारत) | 14.10.2025 और रू.1046125/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिसका पता हैः (प्लॉट संख्या 122, भूमि माप क्षेत्र 13*60 कुल क्षेत्रफल 780 वर्ग फुट, भावना नगर वार्ड संख्या 77 जोन संख्या 13 जिला- इंदौर इंदौर मध्य प्रदेश - 452020 भारत) |
| 5 | LAN:HLSONKSCRE000005009219 / शाखाः सोनकैच 1. सुमेर सिंह कुशवाह, 2. सुमन बाई कुशवाह दोनों Add1: (मकान नं. 44, स्कूल के पास, लोंडिया, देवास, देवास, मध्य प्रदेश- 455118, भारत) Add2: (फोन नंबर 29 (सरल संख्या 2239), कुल क्षेत्रफल 400 वर्गफीट, ग्राम लोंडिया तहसील सोनकच्छ जिला देवास (म.प्र.)देवास मध्य प्रदेश-455118 भारत) | 14.10.2025 और रू. 680332/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिस पर संपत्ति का पता हैः (पीएच नं. 29 (सरल संख्या 2239), कुल क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट, ग्राम लोंडिया तहसील सोनकच्छ जिला देवास (मध्य प्रदेश) देवास मध्य प्रदेश - 455118 भारत) |
| 6 | LAN: HLSEHRSCRE000005009813 / शाखाः सीहोर 1. सुनील विश्वकर्मा, 2. लीला बाई वो शंकर लाल, 3. शंकरलाल पुत्र रामचन्द्र, 4. गोविंद विश्वकर्मा दोनों Add1: ग्राम मोर्टा मोर्टा शाजापुर, शाजापुर, मध्य प्रदेश-465001, भारत) Add2: (पीएच नं. 8 मकान नंबर 253 रकबा 450 वर्ग फुट मोरटा तहसील में स्थित है शाजापुर जिला. शाजापुर (म.प्र.) शाजापुर मध्य प्रदेश-465001 भारत) | 14.10.2025 और रू. 640915/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सब हिस्सा और पार्सल असर संपत्ति का पताः (पीएच नं. 8 मकान नंबर 253 रकबा 450 वर्ग फुट) मोरटा तहसील शाजापुर में स्थित है जिला. शाजापुर (म.प्र.)शाजापुर मध्य प्रदेश-465001 भारत) |
| 7 | LAN: HLINDRSCRE000005017644 / शाखाः इंदौर क्लस्टर 1. उदय सिंह यादव, 2. सीमा यादव दोनों Add1: (25 वार्ड क्रमांक 10 सांगी टोंक खुर्द देवास, देवास, मध्यप्रदेश-455116, भारत) Add2: (मकान नं. 25, पीएच नं. 20, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट, ग्राम सामगी, तहसील टोंक खुर्द, जिला. देवास (म.प्र.)देवास मध्य प्रदेश-455116 भारत) | 14.10.2025 और रू.1567129/- 13.10.2025 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा जिस पर संपत्ति का पता हैः (मकान संख्या 25, फोन नंबर 20, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट, गाँव सामगी, तहसील टोंक खुर्द, जिला देवास (मध्य प्रदेश) देवास मध्य प्रदेश-455116 भारत) |

दिनांक - 13.11.2025,
स्थान - इन्दौर

प्राधिकृत अधिकारी,
रोहा हाउसिंग फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड


## साइंस एंड टेक्नोलॉजी

# ऑस्ट्रेलिया में मिली सींग वाली शैतानी मधुमक्खी

**ऑस्ट्रेलिया** में वैज्ञानिकों ने मधुमक्खी की एक नई प्रजाति खोजी है, जिसके सिर पर सींग है. अपनी अद्भुत बनावट की वजह से यह मधुमक्खी काफी चर्चा में है. वैज्ञानिकों ने नेटफ्लिक्स के शो से प्रेरित होकर इस मधुमक्खी को लूसिफर नाम दिया है.



हाइमेनोप्टेरा जनरल में छपी एक स्टडी के अनुसार, 2019 में ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी में स्थित गोल्डफील्ड्स जंगलों में वैज्ञानिक विलुप्ती की कगार पर मौजूद कुछ जंगली फूलों का सर्वेक्षण कर रहे थे. इसी दौरान उन्हें मेगाचाइल लूसिफर नामक मधुमक्खी मिली थी.

**क्यों दिया लूसिफर नाम?-** स्टडी करने वाले मुख्य लेखक किट प्रेंडगैस्ट के अनुसार, यह एक मादा मधुमक्खी है, जिसके सिर पर अनोखी सींग देखने को मिली है. शैतान जैसी सींगों की वजह से ही इसका नाम लूसिफर रखा गया है.

**वैज्ञानिकों की नई खोज-** प्रेंडगैस्ट का कहना है कि मधुमक्खी का डीएनए टेस्ट भी करवाया गया, जिससे पता चला कि वैज्ञानिकों ने अभी तक जितनी भी मधुमक्खियां खोजी हैं, उनमें से किसी भी मधुमक्खी से इसका डेटा मैच नहीं कर रहा है. यह एक नई खोज है.

# ओरिजिन को टालना पड़ा एस्केपेड मार्स मिशन

**अमेरिकी** स्पेस एजेंसी नासा के पांच सालों में अपने पहले मंगल मिशन के लिए कुछ समय और इंतजार करना होगा. ब्लू ओरिजिन ने मौसम संबंधी समस्याओं के कारण नासा के बहुप्रतीक्षित एस्केपेड मंगल मिशन के अपने न्यू ग्लेन रॉकेट लॉन्च को टाल दिया है. कंपनी ने बताया है कि लॉन्च में देरी क्यूम्यलस क्लाउड नियम के उल्लंघन के कारण हुई है. इसे संभावित खराब मौसम के बीच सुरक्षित प्रक्षेपण स्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया है.

एस्केपेड मिशन ब्लू और गोल्ड नाम के दो छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके मंगल के चुंबकीय क्षेत्र और वायुमंडलीय क्षति का अध्ययन करना है. इसका केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से प्रक्षेपित होने वाला था. फ्लोरिडा के स्पेस कोस्ट पर खराब मौसम के कारण ब्लू ओरिजिन को रविवार को न्यू ग्लेन रॉकेट के प्रक्षेपण के प्रयास को रद्द करना पड़ा, जबकि उल्टी गिनती शुरू होने में सिर्फ 20 मिनट बचे थे.ब्लू ओरिजिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज का एनजी-2 प्रक्षेपण क्यूम्यलस क्लाउड नियम के कारण रद्द कर दिया गया है. हम पूर्वानुमानित मौसम के आधार पर अपने अगले प्रक्षेपण प्रयास के अवसरों की समीक्षा कर रहे हैं. यह प्रक्षेपण ब्लू ओरिजिन के भारी-भरकम न्यू ग्लेन रॉकेट की दूसरी उड़ान के रूप में निर्धारित था.कंपनी 24 घंटे बाद एक नया प्रयास करने की योजना बना रही है, बशर्ते मौसम की स्थिति में सुधार हो और सभी प्रणालियां तैयार हों. .




## क्या है लॉन्च का मकसद

एस्केपेड का लक्ष्य नए लॉन्च-एंड-लोइटर प्रक्षेप पथ पर चलना है, जो 2026 के अंत में मंगल ग्रह की अंतर्ग्रहीय यात्रा शुरू करने से पहले पृथ्वी की कक्षा के पास स्थित होगा. यह जुड़वां अंतरिक्ष यान मंगल ग्रह के वायुमंडल के लुप्त होने और सौर वायु तथा अंतरिक्षीय मौसम के ग्रह के जलवायु विकास पर पड़ने वाले प्रभावों जैसे महत्वपूर्ण प्रश्नों की पड़ताल करेगा.

# फोन जल्दी डिस्चार्ज होने की टेंशन खत्म

**गूगल** ने करोड़ों एंड्रॉइड यूजर्स की बड़ी टेंशन खत्म कर दी है. उन्हें स्मार्टफोन की बैटरी जल्दी डिस्चार्ज होने की समस्या से निजात मिलने वाला है. इसके लिए गूगल ने एक अतरंगी सॉल्यूशन खोज लिया है, जिसे जल्द रोल आउट किया जाएगा. इसमें फोन की बैटरी इस्तेमाल करने वाले बैकग्राउंड ऐप्स को लेकर चेतावनी मिलेगी, ताकि यूजर्स को यह पता चलेगा कि उनके फोन में कौन से ऐप्स बिना इस्तेमाल किए भी बैटरी की खपत करते हैं.




**लेकर आया नया सिस्टम-** रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने इसके लिए नया सिस्टम तैयार किया है, जो यूजर्स को इस बात की जानकारी देगा कि कौन से ऐप्स चुपके से फोन की बैटरी खर्च कर रहे हैं. एंड्रॉइड यूजर्स को नए अपडेट के साथ यह फीचर मिलने वाला है. इसमें यूजर्स को सबसे ज्यादा बैटरी खपत करने वाले ऐप्स की जानकारी मिलेगी. साथ ही, यूजर्स को बैकग्राउंड में बैटरी खर्च करने वाले ऐप्स को लेकर चेतावनी भी जारी की जाएगी.लंबे समय से दुनियाभर के करोड़ों एंड्रॉइड यूजर्स फोन कम इस्तेमाल करने के बावजूद बैटरी की खपत वाली समस्या को लेकर परेशान रहे हैं. गूगल का यह नया सिस्टम यूजर्स की इस बड़ी दिक्कत को खत्म कर देगा. साथ ही, फोन की बैटरी की परफॉर्मेंस इंप्रूव करने में भी यूजर्स को मदद मिलेगा. कंपनी का यह नया परफॉर्मेंस ट्रैकिंग सिस्टम एक्सेसिव पार्शियल वेक लॉक्स मैट्रिक पर काम करता है. गूगल ने इसके लिए कई महीनों तक बीटा टेस्टिंग की है. यह फीचर अब आधिकारिक तौर पर लाइव हो गया है, जिसे एंड्रॉइड डिवाइस के लिए रोल आउट किया जा रहा है.